


नवभारत

भोपाल, शनिवार, 01 नवंबर 2025


# अध्यक्ष बोले...तुम्हें अनुभव है कैसे लड़कियों को उठाया जाता और पैसा कमाया जाता

**नगर पालिका अध्यक्ष के गंभीर आरोप**

**नेता प्रतिपक्ष ने भी दिया आरोपों पर जवाब**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़**

**...जो वो बात कहते हैं न कि अध्यक्ष जी को अनुभव नहीं है..हां यह बात सत्य है कि जो अनुभव तुम्हें है वह हमें नहीं है...तुम्हें वो अनुभव है कि कैसे लड़कियों को उठाया जाता है...कैसे पैसा कमाया जाता....और कैसे चलाया जाता। यह आरोप नगर पालिका कांग्रेस के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रानू खरे पर लगाए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहना चाहता हूं कि आपकी नियत और नीति बहुत अच्छी है, लेकिन आपके जो छुटभैया नेता हैं ये आपकी छवि को धूमिल कर रहे हैं। यह बात कांग्रेस पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने मीडिया के समक्ष कही।**

दरअसल बीते दिनों नगर पालिका में तीन बिन्दुओं को लेकर हुई बैठक विवाद का कारण बन गई है। इस बैठक के बाद शुक्रवार को 12 बजे के लगभग भाजपा पार्षद अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की शिकायत करने पहुंचे थे, जिसका नेतृत्व किया था नगर पालिका के भाजपा से नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने इसी दौरान अभिषेक ने नगर पालिका अध्यक्ष पर कई आरोप लगाए थे, जिसके बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष अपनी ब्यानबाजी की। शहर में विकास पर चर्चा तो बंद है पर अभी भी नगर पालिका टीकमगढ़ राजनीति का अखाड़ा बनी हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने पूर्व विधायक सहित वर्तमान नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने मीडिया के सामने अपना 9 मिनिट का ब्यान जारी किया है। इसमें उन्होंने आगे कहा है कि 26 जून 2025 को परिषद की बैठक हुई थी, इसमें 14 बिन्दुओं को आगामी बैठक के लिए रखा गया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर में सड़कों का जाल बिछाने वाली थी, लेकिन इसका भी विरोध इन भाजपा पार्षदों ने किया। इसी तरह इन बिन्दुओं में उपवन पार्क, महिला पार्क सहित अन्य पार्कों के सौन्दर्यीकरण का बिन्दु था, लेकिन इसका भी विरोध किया गया।

आगे अब्दुल गफ्फार ने विपक्ष के पार्षदों पर नगर पालिका को आर्थिक क्षति पहुंचाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पार्षदों ने शहर में स्थित दुकानों की प्रीमियम राशि बसूली वाले मामले में भी विरोध दर्ज कराया था। इससे राजस्व की नगर पालिका को हानि हुई, मैं तो यह कहता हूं कि कलेक्टर टीकमगढ़ इन्हें पार्षद पद से आयोग्य घोषित कर दें।

इतना ही नहीं नगर पालिका अध्यक्ष यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि हमारे पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिका चेयरमेन जिन्हें सपनों में नगर पालिका दिख रही है वह कुछ दिन पहले अंबेडकर चौराहे से लेकर नए बस स्टेण्ड तक सड़क पर पेड़ लगाने गए, मैं भी उन पेड़ों को देखने गया कि वह पेड़ कितने बड़े हो गए, लेकिन वहां पर हमें पेड़ नजर नहीं आए। उनको शर्म और हया नहीं बची कि यह रोड़ उन्हीं का बनाया हुआ है। पांच साल तो रख-रखाव की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह शायद यह जानते हैं कि जनता भूल गई है। ऐसे लोगों को मैं कहना चाहता हूं कि जनता को मूर्ख न समझे। आप अपनी छवि को बना रहे हैं आपकी क्या छवि है जनता को वह पूरी मालूम है। अगर अपनी छवि को बचाना चाहते हो तो हकीकत जो है वही सबके सामने रखें।

आगे उन्होंने कहा कि केके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने तो सही कहा था कैसे आप आगे बढ़े, केके ने कहा था हमारे पास एक लक्ष्मी है, तुम्हारे पास दो-दो लक्ष्मी हैं। इसीलिए आगे बढ़े हो तुम तो...। वो बत हम नहीं दोहराना चाहते हैं। न ऐसे कुकर्म करो कि आदमियों को बार-बार यह याद आए। आगे उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का हमारे यहां कोई काम नहीं है। बीते दिनों हमारे कलेक्टर साहब ने खासकर बंडे नाले के विकास को लेकर बैठक बुलाने के लिए कहा था, लेकिन उसका भी रानू खरे ने अपने साथियों के साथ विरोध कर बिन्दु को गिरा दिया। कलेक्टर ने इस काम के लिए कितनी मेहनत की शायद तुम्हें यह दिखता नहीं।

आगे नेता प्रतिपक्ष पर अवैध कालोनियां बसाकर उनमें निर्माण कार्य कराने का भी गंभीर आरोप लगाया है। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि वार्ड नबंर 21 में रानू खरे ने शासकीय जमीन पर जबरन कब्जा कराया है। अब्दुल गफ्फार ने आगे कहा कि पानी की दर कम करने के लिए मैं कई बार शासन को पत्र भेज चुका हूं अगर भाजपा नेताओं और रानू खरे को लगता है कि मैं नहीं कर रहा तो सरकार उनकी है इतने बड़े नेता हैं, तो पानी की दर कम करके दिखाएं।

### व्यापारी एवं नेता नहीं, वह तो माफिया हैं : अभिषेक

इस पूरे मामले में जब नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू से बात की तो उन्होंने कहा कि हां मैंने वीडियो सुना है..। देखिए वह व्यापारी, नेता नहीं थे, वह तो माफिया हैं यह उनकी फितरत है। जब-जब हमने या अन्य पार्षदों ने नगर के हित और विकास की बात की। कल भी परिषद की बैठक में यही सब बातें उनसे की कि भैया एक मुद्दा नहीं है शहर के 20 मुद्दे हैं जहां अव्यवस्थाएं हैं। अब क्या करें बेचारे वो ऐसी बातें तो करेंगे न। क्या होता है जब आदमी लड़ नहीं पाता है, भिड़ नहीं पाता है तो वह आरोप ही लगाता है। उनका काम है वह अपना करें हम अपना काम करेंगे। हम उन जैसे व्यक्ति के आरोपों की सफाई देने की आवश्यकता नहीं है। पूरे शहर, पूरे जिले एवं पूरी भाजपा को पता है हम क्या हैं, कैसे हैं...। इन जैसे लोगों के मैं मुंह नहीं लगना चाहता। मैं 20 साल से राजनीति कर रहा हूं यह अभी आ गए वह उनका अपना काम हैं करने दो। आरोपों को वह सिद्ध कर दें मैं राजनीति छोड़ दूंगा। जमीन इनकी पार्टी के प्रत्याशी राजेश यादव ने बेची है।

# एकता दिवस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम शुरू



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस परेड ग्राउंड में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने स्वयं दौड़ में भाग लिया।**

यह कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसे प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुबह पुलिस परेड ग्राउंड में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और युवा एकत्रित हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी दौड़ की शुरुआत की। दौड़ पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर शहर की सड़कों से होकर गुजरी, जिसमें सिविल लाइन रोड, नजरबाग और गांधी चौराहा शामिल थे और दौड़ का पुलिस लाइन में समापन किया गया। युवाओं ने उत्साह के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

# बच्चों की गतिविधियों का मूल्यांकन



**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**नगर के सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में कक्षा 1 और 2 के बच्चों के लिए एफ एलएन मेला आयोजित किया गया। बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और भाषा विकास के साथ गणित की पूर्व तैयारी स्टाल पर संतुलन में चलना, रस्सी कूदना, पेपर फ ोल्डिंग, रंग पहचान, चित्र वाचन, आकार पहचान गतिविधियों द्वारा बच्चों का मूल्यांकन किया गया।**

कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थिति रहे। बच्चों का कोना के तहत सरल चित्र बनाना और उसमें अपनी कल्पना के रंग भरने की कला को परखा गया। भाषा विकास के तहत अक्षर, शब्द पढ़ना लिखना, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के लिए मोजी से भावों की पहचान का आंकलन संस्था प्राचार्य महेश रावत, रामकुमार नायक के निर्देशन में अनिल कुमार मिश्रा, वंदना त्रिपाठी, अल्का तिवारी द्वारा किया गया। प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन के लिए सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर उपहार स्वरूप दिए गए। इस अवसर पर बीएसी नीरेन्द्र खरे, रामसिंह राजपूत, शारदा अहिरवार एवं अनेक अभिभावक मौजूद थे।

# 3 नवंबर को होगा भूमि संरक्षण जन आंदोलन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**गोचर भूमि मुक्ति आंदोलन के तहत तहसील कार्यालय लिधौरा के मुख्य द्वार पर एक दीपक गोचर भूमि के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम गोचर भूमि संरक्षण का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों ने एक दीपक गोचर भूमि के नाम और एक दीपक गोभक्तों के बलिदान के नाम अर्पित कर गोरक्षा का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि शासन-प्रशासन को समद्धि और शक्ति मिले। जिससे गोचर भूमि सदैव सुरक्षित और संरक्षित रह सके। बताया कि आगामी 3 नवंबर को गोचर भूमि संरक्षण को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।**

इस दौरान एसडीएम संजय दुबे ने उपस्थित गोभक्तों को भरोसा दिलाया कि किसी भी गोचर भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों। उन्होंने कहा एक-एक इंच गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में तहसीलदार ओपी गुप्ता, नायब तहसीलदार शंभू सिंह, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गोचर भूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें क्षेत्रभर के गोभक्त और किसान शामिल होंगे। शासन-प्रशासन को समद्धि और शक्ति मिले। जिससे गोचर भूमि सदैव सुरक्षित और संरक्षित रह सके।

# पुलिसकर्मियों ने लिया एकता का संकल्प



**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर में रन फॉर यूनिटी एकता की दौड़ का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने नगर के थाना तिहारे से कंथरिया बेयर हाउस तक दौड़ लगाई। नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। रन फॉर यूनिटी के आयोजन में पुलिसकर्मियों ने सरदार पटेल जयंती पर एकता का संकल्प लिया।**

कार्यक्रम में दौड़ का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और अखंडता की भावना को मजबूत करना था। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत और सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। रन फॉर यूनिटी में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू राय सहित महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ नागरिकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल के योगदान, उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को याद किया गया।

# निरक्षरों को किया चिन्हित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**नगर के जनपद शिक्षा केंद्र में बीते उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में निरक्षरों को चिन्हित किया गया।**

जिसमें बैठक का मुख्य उद्देश्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डॉ राकेश दुबे नियंत्रक साक्षरता राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में साक्षरता के क्षेत्र में नवीन कार्ययोजना तैयार करते हुए कार्य करने हेतु आयोजित करना था। बैठक में प्रत्येक ग्राम के शेष रहे निरक्षरों को चिन्हित कर पोर्टल पर पंजीयन करने, सामाजिक चेतना केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों की मॉनिटरिंग, अक्षर साथियों की संख्या में वृद्धि, अशासकीय विद्यालयों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क पर चर्चा की गई।

# जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही की मांग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़**

**एक अतिथि शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी पर फोन पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इस मामले में गाली देने का एक ऑडियो भी सामने आया है। अतिथि शिक्षक ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।**



सरकारी प्राइमरी स्कूल मनगुवां में पदस्थ अतिथि शिक्षक सहदेव यादव ने बताया कि उन्होंने 28 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे ई-अटेंडेंस में आ रही समस्या के संबंध में डीईओ हनुमत सिंह चौहान को फोन किया था। यादव का आरोप है कि डीईओ ने समस्या का समाधान करने के बजाय फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिससे उन्हें अपमानित महसूस हुआ। सहदेव यादव ने बताया कि उन्होंने पहले कुड़ीला थाने में आवेदन दिया था लेकिन उन्हें पावती नहीं मिली। थाने के स्टाफ ने बताया कि एसपी कार्यालय से सूचना मिलने पर ही पावती दी जाएगी।

इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपाए जिसमें डीईओ हनुमत सिंह चौहान के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने की मांग की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान ने इन आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी अतिथि शिक्षक को फोन पर गाली नहीं दी है। एआई तकनीक का उपयोग करके उनका ऑडियो बनाया और वायरल किया गया है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को लिखित स्पष्टीकरण सौंप दिया है और विभाग के कुछ लोगों पर जानबूझकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

# निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर ली बैठक

**संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टरों को दिए निर्देश**

**8 फरवरी तक होगी एसआईआर की प्रक्रिया**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा न वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी संभागों के कमिश्नर एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागों के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए।**



इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारतीदेवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारीगण एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्सईसीआईइन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा। एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी।

**पत्रकार वार्ता** ▶ **केन्द्रीय मंत्री ने पत्रकार वार्ता में दी सभी कार्यक्रमों की जानकारी**

# वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने 25 तक होंगी पद यात्राएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़**

**सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर केन्द्रीय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार खटीक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि इस कार्यक्रम को मनाने के लिए अपने क्षेत्र में सरदार150 यूनिटी मार्च की शुरुआत कर रहे हैं। यह क्षण हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है, उस पुरुषार्थ को नमन करने का, जिसने बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का स्वरूप दिया।**




उन्होनें बताया कि हम सभी जानते हैं कि सरदार पटेल को लौहपुरुष कहा जाता है। लेकिन उनके व्यक्तित्व की असली शक्ति केवल लौह जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं थी, बल्कि उनका अडिग विश्वास था भारत एक है, भारत अखंड है, और भारत सदा-सर्वदा अखंड रहेगा। साथियो यह वही विश्वास है जिसे आज विकसित भारत 2047 के संकल्प के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर के दिन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के हाथों देशभर में डिजिटल फेज की शुरुआत हो चुकी है। 6 अक्टूबर से युवा सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता में हिस्सा लेना शुरू कर चुके हैं, निबंध लिख रहे हैं और यंग लीडर्स प्रोग्राम से भी भारी संख्या में जुड़ रहे हैं, तो यह केवल प्रतियोगिताएँ नहीं होंगी। यह सरदार के विचारों को हर दिल तक पहुँचाने का एक साधन बन रहा है इस अभियान का दूसरा चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। युवाओं के साथ क्षेत्र में निकलूँगा। 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्राएं होने वाली है। अपनी पदयात्राओं में नशामुक्त भारत का संकल्प लिया जाएगा। यह केवल आयोजन नहीं होंगे, यह जन-जागरण का महायज्ञ होगा और जैसे सरदार पटेल ने रियासतों को जोड़कर एक भारत का निर्माण किया था। वैसे ही ये पदयात्रा हमारे क्षेत्र के लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करेंगी। विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं हैं। स्वच्छता अभियान हम पदयात्रा के रूट पर चलाएंगे और इस पूरे अभियान में माय भारत, एनएसएस के स्वयंसेवक हमारा सहयोग करेंगे। स्कूल, कॉलेजों के युवा सरदार पटेल के सपनों और संकल्पों का भारत बनाने के लिए हमारे जिले में 3 दिनों की इस पदयात्रा में 8 से 10 किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे।

### सरदार पटेल के जीवन पर होगे प्री ईवेंट

समाज का हर आयु वर्ग, हर तबका इससे जुड़ेगा, हम इसका पूरा प्रयास करेंगे और आप पहली बार एक समाज के तौर पर, एक लघु भारत के तौर पर हमारे क्षेत्र को देखेंगे। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन करवाया जाएगा।

# आज मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर 2025 को जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय उत्सव भवन टीकमगढ़ में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जतारा हरिशंकर खटीक होंगे।**

इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही शासन की विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर 2025 को मुख्य शासकीय भवनों और ऐतिहासिक महत्व के भवनों पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था कराये जाने के निर्देश जारी किये है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को एक नवम्बर 2025 की रात्रि में शासकीय भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिये हैं।

# समय से पहले हो जाती शाला बंद



**नवभारत न्यूज खरगापुर।**

**विकासखंड बल्देवगढ़ अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला हनुमतपुरा में पदस्थ शिक्षक आए दिन शाम तीन बजे शाला को बंद करके चले जाते है ऐसे आरोप बच्चों के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे है। परिजनों ने इस व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।**

शासकीय माध्यमिक शाला हनुमतपुरा का संकुल केंद्र भेलसी है। यहां के शिक्षकों के द्वारा हनुमतपुरा विद्यालयको 3.00 बजे बंद कर दिया जाता है। दरअसल संकुल केंद्र के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला हनुमतपुरा खुडन में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा शुक्रवार को लगभग 3.00 बजे छुट्टी करके चले गए बच्चों ने बताया कि रामस्वरूप गुप्ता लंच के समय हर रोज चले जाते हैं। कभी-कभी तो 11.00 बजे आते हैं और 12.00 बजे ही चले जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ दो शिक्षक और एक अतिथि शिक्षक पदस्थ है जिसमें से मोहनलाल यादव बीएलओ वह अपनी विभागीय ड्यूटी पर गए थे।